डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः CoE/77 / FNo.CoE-165A-Vth/Exam/BackPaper/DSMNRU / 2020–21 दिनांकः 04.01.2021

## सत्रान्त परीक्षा–मई, 2020 के अन्तर्गत सम सेमेस्टर एवं अधिसत्र परीक्षा दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा–2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/सम्बद्ध रह चुके महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित समस्त सेमेस्टर/वार्षिकी पाठ्यक्रमों की **सत्रान्त परीक्षा–मई, 2020 के अन्तर्गत वार्षिकी/सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम् आदि)** एवं **अधिसत्र परीक्षा दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम् आदि)** में अध्ययनरत् अर्ह विद्यार्थियों के लिए **बैक पेपर परीक्षा**–जनवरी, 2021 का आयोजन प्रस्तावित है। तदनुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन निम्नानुसार निर्धारित तिथि तक भरा जाना सुनिश्चित किया जाय–

| | |
|---|---|
| **1).** | **सत्रान्त परीक्षा–मई, 2020 के अन्तर्गत वार्षिकी एवं सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम् आदि) ऑन लाइन आवेदन की तिथि–05.01.2021 से 11.01.2021 तक** |
| **2).** | **अधिसत्र परीक्षा दिसम्बर, 2020 के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर (प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम् आदि) ऑन लाइन आवेदन की तिथि 12.01.2021 से 18.01.2021 तक** |

विश्वविद्यालय परीक्षा विनियम, 2014 के बिन्दु संख्या–6–RE-APPEAR EXAMINATION (6.1, 6.2, 6.3, 6.4, 6.5, 6.6 एवं 6.7) में गैर दिव्यांग विद्यार्थी को 01 अवसर तथा दिव्यांग विद्यार्थी को 02 अवसर प्रदान किये जाने हेतु उल्लिखित व्यवस्थान्तर्गत यदि किसी प्रश्न–पत्र में F ग्रेड अथवा किसी सेमेस्टर में SGPA/CGPA, 5.6 से कम हो, तो वह C ग्रेड वाले प्रश्न–पत्र में **सम्बन्धित सेमेस्टर के मात्र 02 प्रश्न–पत्रों का बैक पेपर परीक्षा दिये जाने का प्राविधान है।** तत्क्रम में अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित व्यवस्थानुसार **सम्बन्धित सेमेस्टर के मात्र 02 प्रश्न–पत्रों का बैक पेपर के लिये ऑन लाइन आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।** उक्त के कम में निम्नलिखित व्यवस्थानुसार/प्रतिबन्धों के अधीन ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित किया जायः–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं के संचालित पाठ्यक्रमों की बैक पेपर परीक्षा के सम्बन्ध में अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये बैक पेपर परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। उक्त ऑनलाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग/संस्था में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें।

2) **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सम्बन्ध में (बी0टेक को छोड़कर)** बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/–की दर से वांछित बैक पेपर शुल्क धनराशि को बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में RTGS/NEFT/off line के माध्यम से जमा करेंगे।

3) **विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में** अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सम्बन्ध में बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/– की दर से वांछित बैक पेपर शुल्क धनराशि को बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100007893 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में RTGS/NEFT/off line के माध्यम से जमा करेंगे।

4) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थाओं के नियमानुसार बैक पेपर परीक्षा के सम्बन्ध में आवेदन करने वाले अर्ह विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/– की दर से वांछित बैक पेपर शुल्क धनराशि को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में RTGS/NEFT/off line के माध्यम से जमा करेंगे।

5) ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधनीपूर्वक स्पष्ट एवं सही अंकित की जाय। निर्धारित व्यवस्थानुसार बैक पेपर परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी।

डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

6) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

7) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक: CoE 177/FNo.CoE-165A-Vth/Exam/BackPaper/DSMNRU/2020–21 दिनांक: 04.01.2021

**प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विद्यार्थियों के आवेदन प्रपत्र को अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित कराकर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।
7. परीक्षा अनुभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
8. उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान के संबंधित प्राचार्य को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र की हार्ड–कापी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) अग्रसारित करते हुए उसको सूचीबद्ध विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

04/1/2020

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक